# वीरता पुरस्कार 2024

## प्रलिमि्स के लयि:

वीरता पुरस्कार, सशसत्र बल

## मेन्स के लयि:

वभिन्नि सुरक्षा बल एवं एजेंसयिाँ तथा उनके अधदिश

सरोत: पी.आई.बी.

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारत के राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रपतभिवन में आयोजति **रक्षा अलंकरण समारोह-2024** में वीरता पुरस्कार प्रदान कयि।

## वीरता पुरस्कार क्या हैं?

- **परचिय:**
  - सशसत्र बलों, अन्य वधिपूिर्वक गठति **बलों तथा सविलि अधकिारयिों/कार्मकिों की बहादुरी और बलदािन** को सम्मान प्रदान करने के लयि **वीरता पुरस्कारों की सथापना** की गई है।
  - इन **वीरता पुरस्कारों की घोषणा वर्ष में दो बार** की जाती है, पहले गणतंत्र दविस के अवसर **तथा** स्वतंत्रता दविस के अवसर पर।
- **प्रकार:**
  - **सर्वोच्च युद्धकालीन वीरता पुरस्कार:**
    - **परम वीर चक्र (PVC):** इसके अग्रभाग पर **"इन्द्र के वज्र"** की चार प्रतकिृतयिाँ उभरी होंगी तथा **मध्य में राज्य चह्नि अंकति** होगा।
    - **महावीर चक्र (MVC): इसके अग्रभाग पर एक पाँच-नुकीले हेराल्डकि उभरा हुआ सतिारा होता है, जसिके सरि कनिारे को छूते हुए होते है। सतिारे के बीच में एक गुंबददार सोने का पानी चढ़ा हुआ राज्य चह्नि होता है।**
    - वीर चक्र: इस तारे के केंद्र में एक चक्र होता है, तथा चक्र के अंदर एक गुम्बदाकार केंद्रबदिु होता है, जसि पर सोने का पानी चढ़ा हुआ राज्य चह्नि अंकति होता है।
  - **सर्वोच्च शांतकिालीन वीरता पुरस्कार:**
    - अशोक चक्र, कीर्तिचक्र तथा शौर्य चक्र में पदक के अग्रभाग पर केंद्र में संबंधति चक्र की प्रतकिृतउिभरी हुई होती है, जो कमल पुष्पमाला से भी घरिी होती है। रमि के साथ, भीतरी तरफ, कमल के पत्तों, फूलों और कलयिों का एक पैटर्न होता है।
    - इसके पृष्ठ भाग पर हन्दिी और अंग्रेजी दोनों में संबंधति शब्द उकेरे गए होते है, तथा दोनों संस्करणों को दो कमल के फूलों से अलग कयिा गया होता है।

//


- **पुरस्कार का वरीयता क्रम:**
    - परमवीर चक्र
    - अशोक चक्र
    - महावीर चक्र
    - कीर्ति चक्र
    - वीर चक्र
    - शौर्य चक्र

दृष्टि The Vision




## वीरता पुरस्कारों हेतु पात्रता और चयन मानदंड क्या हैं?

- **परमवीर चक्र, महावीर चक्र और वीर चक्र:**
  - नौसेना, सेना और वायु सेना, रिज़र्व बल, प्रादेशिक सेना, मिलिशिया तथा किसी भी अन्य विधिपूर्वक गठित सशस्त्र बलों के **सभी रैंकों** के अधिकारी वीरता पुरस्कारों हेतु पात्र होते हैं।
  - मैट्रन, सिस्टर, नर्स और नर्सिंग सेवाओं तथा अस्पतालों एवं नर्सिंग से संबंधित अन्य सेवाओं के कर्मचारी तथा उपर्युक्त बलों में से किसी के निर्देशों के तहत सेवारत कर्मचारी इसके लिये पात्र हैं।
  - **पात्रता की शर्तें:** ये पुरस्कार थल, समुद्र और वायु सभी तीन परिस्थितियों में दुश्मन के विरुद्ध की गई साहसिक कार्रवाई के लिये प्रदान किये जाते हैं।
    - **परमवीर चक्र: अत्यंत विशिष्ट वीरता या आत्म-बलिदान के साहसिक या उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रदान किया जाता है।**
    - **महावीर चक्र:** वीरता के विशिष्ट कार्यों के लिये प्रदान किया जाता है।
    - **वीर चक्र:** वीरता के कार्यों के लिये प्रदान किया जाता है।
- **अशोक चक्र, कीर्तिचक्र और शौर्य चक्र:**
  - सेना, नौसेना और वायु सेना, रिज़र्व बल, प्रादेशिक सेना, मिलिशिया और किसी भी अन्य विधिपूर्वक गठित बलों के सभी रैंकों के अधिकारी और पुरुष और महिलाएँ इनके लिओये पात्र हैं।

    - सशस्त्र बलों की नर्सिंग सेवाओं के कर्मी।
    - नागरिक नागरिक और केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों तथा रेलवे सुरक्षा बल सहित पुलिस बलों के कर्मी।
    - **पात्रता की शर्तें:** ये पुरस्कार दुश्मन के समक्ष की गई कार्यवाई के लिये प्रदान किये जाते हैं।
        - **अशोक चक्र: सबसे विशिष्ट बहादुरी या साहसिक कार्य या वीरता या आत्म-बलिदान के उत्कृष्ट कार्य हेतु**
        - **कीर्ति चक्र:** विशिष्ट वीरता हेतु
        - **शौर्य चक्र:** वीरता हेतु
- **चयन प्रक्रिया:**
    - **रक्षा मंत्रालय सशस्त्र बलों और गृह मंत्रालय** से वीरता पुरस्कारों के लिये **प्रत्येक वर्ष में दो बार** संस्तुतियाँ आमंत्रित करता है
    - **सशस्त्र बलों के संदर्भ में** वीरता पुरस्कार के मामले को कमांडरों द्वारा अनुशंसित इकाई द्वारा शुरू किया जाता है।
    - सिविलियन नागरिकों (रक्षा कर्मियों के अलावा) के संबंध में सिफारिशें **केंद्रीय गृह मंत्रालय (MHA)** से प्राप्त की जाती हैं।
    - **VIP संदर्भों को** शामिल करते हुए निजी व्यक्तियों से प्रत्यक्ष रूप से प्राप्त सिफारिशों को **स्वीकार नहीं किया जाता है।**
    - किसी भी मामले में वीरता पुरस्कारों पर विचार करने की **समय-सीमा वीरता का कार्य** किये जाने की तारीख से **दो कैलेंडर वर्ष से अधिक नहीं** होनी चाहिये।
    - सशस्त्र बलों और गृह मंत्रालय की सिफारिशों पर **केंद्रीय सम्मान एवं पुरस्कार समिति (Central Honours & Awards Committee - CH&AC)** द्वारा विचार किया जाता है, जिसमें रक्षा मंत्री, तीनों सेना प्रमुख और रक्षा सचिव शामिल होते हैं।
- **रक्षा अलंकरण समारोह 2024 में पुरस्कार विजेता:**
    - राष्ट्रपति ने 10 कीर्ति चक्र (7 मरणोपरांत) और 26 शौर्य चक्र (7 मरणोपरांत) प्रदान किये।
    - 3 अप्रैल 2021 को छत्तीसगढ़ के बीजापुर में माओवादियों के हमले के खिलाफ सामूहिक कार्रवाई के लिये CRPF की 210 कोबरा बटालियन के इंस्पेक्टर दिलीप कुमार, हेड कांस्टेबल राज कुमार यादव, कांस्टेबल बबलू राभा और शंभू रॉय को **मरणोपरांत कीर्ति चक्र** प्रदान किया गया।
    - **मेजर विकास भांभू** और **मेजर मुस्तफा बोहरा** को मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया।
        - **दोनों अधिकारी अपने हेलिकॉप्टर को मानव बस्तियों से दूर ले जा रहे थे,** तभी अरुणाचल प्रदेश के ऊपरी सियांग ज़िले में दुर्घटनाग्रस्त होकर उतरने के बाद उनकी मौत हो गई।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

***??????????:***

**प्रश्न. भारत रत्न और पद्म पुरस्कारों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2021)**

1. भारत रत्न और पद्म पुरस्कार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 18(1) के अंतर्गत उपाधियाँ हैं।
2. वर्ष 1954 में प्रारंभ किये गए पद्म पुरस्कारों को केवल एक बार निलंबित किया गया था।
3. किसी वर्ष-विशेष में भारत रत्न पुरस्कारों की अधिकतम संख्या पाँच तक सीमित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (d)**

---

**प्रश्न. वर्ष 2000 में प्रारंभ किये गए लॉरियस विश्व खेल पुरस्कार (लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2021)**

1. अमरिकी गोल्फ खिलाड़ी टाइगर वुड्स इस पुरस्कार का सर्वप्रथम विजेता थे।
2. अब तक यह पुरस्कार अधिकतर 'फॉर्मूला वन' के खिलाड़ियों को मिला है।
3. अन्य खिलाड़ियों रॉजर फेडरर को यह पुरस्कार सर्वाधिक बार मिला है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (c)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/gallantry-awards-2024